राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - राजनीति विज्ञान

पाठ - 2 : राष्ट्र, राज्य तथा सरकार

कार्यपत्रक - 2

1. वर्तमान समय में किसी भी राष्ट्र में, चाहे वह संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत या आस्ट्रेलिया हो, नस्लीय शुद्धता पाना असंभव है। इसके कारणों का उल्लेख कीजिए।

2. भारत एक 'राष्ट्र राज्य' क्यों कहा जा सकता है? कारण दीजिए।

3. एक समान भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बीच राष्ट्रीयता की तीव्र भावना एक अलग राज्य के निर्माण की ओर अग्रसर हो सकती है। अपना उत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका और आस्ट्रेलिया में रहने वाले अल्पसंख्यक मूल निवासियों के संदर्भ में दीजिए।

4. 'राष्ट्रीयता की तीव्र भावना नए राज्य के निर्माण के साथ-साथ मौज़ूदा राज्य को भी विभाजित कर सकती है।' दो उदाहरण दीजिए जहां बड़े देश कठोर राष्ट्रवाद की भावना के विकास के कारण छोटे देशों में बंट गए।

5. गांधी जी ने राज्य को एक आवश्यक बुराई माना। क्या आप सोचते हैं कि वर्तमान विश्व में मनुष्य एक राज्य विहीन समाज में रहते हुए विकास कर समृद्ध हो सकता है।

6. 'बांग्लादेश का निर्माण सन् 1971 में पूर्वी पाकिस्तान से हुआ। 'इस कथन के आलोक में व्याख्या कीजिए कि कैसे किसी राज्य का निरंतर व सुगठित क्षेत्र उसकी एकता एवं संप्रभुता को बनाए रखने केलिए आवश्यक है।

7. आपके विचार में सरकार के लिए शासन का कौन सा तरीका सही है और क्यों?
   क. सहमति से शासन
   ख. बल प्रयोग से शासन

8. भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अधिक शक्ति का प्रयोग कौन करता है-भारत की जनता या सरकार? अपने उत्तर की व्याख्या उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से कीजिए।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - राजनीति विज्ञान

पाठ - 2 : राष्ट्र, राज्य तथा सरकार

कार्यपत्रक - 2

9. छोटे राज्यों के लिए शासन का एकाकी रूप सही है और बड़े राज्यों के लिए संघात्मक व्यवस्था आदर्श है। कारण बताइए।

10. भारतीय नागरिकों की साधारण राजनीतिक आकांक्षाओं का उल्लेख कीजिए जो कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में झलकती है।